कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, ललितपुर

पत्रांक 731 / जि0का0अ0 / आ0बा0रा0चयन / 2025–26 दिनांक 10 / 11 / 2025

सहायिकाओं के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या–1 / 1092245 / 2025 / 3313 / 58–1– 2025 (1917687) दिनांक 17 सितम्बर 2025 में वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद ललितपुर के शहरी / ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित बाल विकास परियोजनाओं में सहायिकाओं के मानदेय पर आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती प्रक्रिया के तहत विभागीय वेब साइट https://www.upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। रिक्त पदों का बाल विकास परियोजनावार संख्यात्मक विवरण निम्नवत् है :–

क्र0सं0	बाल विकास परियोजना का नाम	ग्रामीण / शहरी	सहायिका के रिक्त पदों का विवरण
1	2	3	4
1	बार	ग्रामीण	29
2	बिरधा	ग्रामीण	64
3	जखौरा	ग्रामीण	51
4	महरौनी	ग्रामीण	17
5	मड़ावरा	ग्रामीण	52
6	तालबेहट	ग्रामीण	42
7	शहर, ललितपुर	शहरी	7
कुल योग		—	262

उपरोक्त पदों का ग्रामसभा / वार्डवार विवरण एवं आरक्षण सहित अर्हता का पूर्ण विवरण जनपद के कलेक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील एवं विकास खण्ड इत्यादि कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गयी है। साथ ही विभागीय वेबसाइट https://www.upanganwadibharti.in पर अपलोड है।

विज्ञापित पदों की अर्हता एवं आवेदन पत्र भरने हेतु विशेष निर्देश :–

1–विज्ञापित पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होंगे।

2–सहायिका के सभी रिक्त पदों के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट एवं उसके समकक्ष तथा अधिकतम शैक्षिक योग्यता परास्नातक के आधार पर मेरिट तैयार की जायेगी।

3–आवेदिका को रिक्त पद के वार्ड / ग्रामसभा का स्थाई निवासी होना अनिवार्य है। ग्रामसभा में उक्त श्रेणी में पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की स्थिति में सम्बन्धित न्याय पंचायत का स्थाई निवासी होना अनिवार्य होगा। नगरीय क्षेत्र में रिक्त पदों पर आवेदन करते समय तहसील द्वारा ऑनलाइन जारी निवास प्रमाण पत्र में सम्बन्धित वार्ड कमांक / संख्या एवं सम्बन्धित वार्ड का नाम अनिवार्य रूप से अंकित होना चाहिए।

4–निवास व जाति प्रमाण पत्र के सम्बन्ध में तहसील से ऑनलाइन डिजिटल हस्ताक्षर से निर्गत अद्यतन निवास व जाति प्रमाण पत्र ही मान्य होंगे जिनका ऑनलाइन सत्यापन सम्भव हो।

5–सहायिका के पद के लिए आवेदिका की न्यूनतम आयु 18 वर्ष तथा अधिकतम आयु 35 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। आयु की गणना हेतु कट ऑफ डेट 01 जुलाई 2025 होगी।

6–सहायिका के पद पर भर्ती हेतु बी0पी0एल0 श्रेणी के आवेदिकाओं को वरीयता प्रदान की जायेगी। बी0पी0एल0 श्रेणी का निर्धारण समाज कल्याण अनुभाग–2 उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या–22 / 2015 / 2123 / 26–2–2015 दिनांक 14 सितम्बर 2015 (यथा संशोधित) के अनुसार किया जायेगा।

7–आय प्रमाण पत्र के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश शासन के राजस्व अनुभाग–9 द्वारा निर्गत शासनोदश संख्या–3959 / 1–9–11–राज0–9 दिनांक 30.09.2011 (यथा संशोधित) के क्रम में सक्षम स्तर से निर्गत आय प्रमाण–पत्र ही मान्य होंगे, जिनका ऑनलाइन सत्यापन सम्भव हो।

8–विधवा हेतु ग्राम पंचायत अधिकारी / सम्बन्धित नगर निकाय द्वारा निर्गत मृत्यु प्रमाण पत्र एवं परिवार पंजिका की प्रमाणित नकल मान्य होगी।

9–तलाकशुदा एवं परित्यकता के सम्बन्ध में मा0 न्यायलय द्वारा निर्गत विधिक आदेश मान्य होंगे।

10–विज्ञापित पदों हेतु केवल विभागीय वेबसाइट https://www.upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पर फार्म निर्धारित समयावधि के अन्दर ही स्वीकार्य होंगे। ऑफलाइन आवेदन पत्र किसी भी दशा में मान्य / स्वीकार नही किये जायेंगे।

11–आवेदन पत्र विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध फार्मेट पर ऑनलाइन व सही–सही सावधानी पूर्वक भरे जायेंगे। आवेदिका द्वारा अभिलेखों की स्वहस्ताक्षरित प्रति, जो स्वच्छ व पठनीय हो पोर्टल https://www.upanganwadibharti.in पर अपलोड की जायेगी, जिनका उल्लेख उनके द्वारा ऑनलाइन फार्म में किया गया होगा। कोई भी आवेदन या अभिलेख / प्रपत्र ऑफलाइन या डाक द्वारा मान्य नही होंगे। यदि आवेदन करने में कोई त्रुटि होती है या कोई तथ्य / आंकड़े / शैक्षिक अभिलेखों के प्राप्तांक / पूर्णांक गलत या कूटरचित पाये जायेंगे तो अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा।

12–विज्ञापित पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की **अन्तिम तिथि 01.12.2025 मध्य रात्रि 12.00 बजे तक होगी।**

13–उपरोक्त विज्ञाप्ति पदों की अर्हता एवं आवेदन करने की प्रकिया सहित विस्तृत प्रपत्र एवं सूचना विभागीय बेवसाइट https://www.upanganwadibharti.in पर उपलब्ध है। साथ ही अधिक जानकारी हेतु विकास खण्ड के बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय अथवा विकास भवन में जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय (बाल विकास विभाग) से कार्यालय दिवस में निर्धारित समयानुसार प्राप्त की जा सकती है।

14–रिक्त पदों की संख्या घट–बढ़ सकती है। रिक्त पदों पर भर्ती करने या न करने का अन्तिम निर्णय चयन समिति के अधीन होगा।

जिला कार्यक्रम अधिकारी,
ललितपुर।

पत्रांक व दिनांक उक्त

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1–सचिव, महिला एवं बाल विकास (बाल विकास एवं पुष्टाहार अनुभाग) उ0प्र0 लखनऊ।

2–निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार उत्तर प्रदेश लखनऊ।

3–जिलाधिकारी महोदय ललितपुर।

4–मुख्य विकास अधिकारी महोदय ललितपुर।

5–समस्त सदस्य चयन समिति जनपद ललितपुर।

6–जिला सूचना अधिकारी ललितपुर को इस अनुरोध के साथ कि विज्ञापित पदों को एनआईसी के पोर्टल पर अपलोड कराने का कष्ट करें।

7–जिला सूचना अधिकारी, ललितपुर को इस अनुरोध के साथ कि उक्त प्रेस विज्ञप्ति को कम से कम एक स्थानीय तथा एक प्रदेश स्तर के समाचार पत्र में न्यूनतम दरों पर प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

8–समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, जनपद ललितपुर।

जिला कार्यक्रम अधिकारी,
ललितपुर